



# ठण्ड एवं सांस से पीड़ित मरीजों की बढ़ रही संख्या

## जिला चिकित्सालय में ठण्ड लगने से, सर्दी-खासी के पहुंच रहे मरीज, कुछ में चर्मरोग का भी असर


नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 22 नवम्बर। जिले में इन दिनों कड़ाके की ठण्ड पड़ रही है। तापमान लगातार कमजोर पड़ने से ठण्ड सबाब पर है। वहीं ठण्ड लगने से मरीजो की संख्या भी बढ़ रही है। जिला चिकित्सालय में ठण्ड लगने एवं सांस के मरीजो में इजाफा दिख रहा है।**

गौरतलब है कि जिले में लगातार ठण्ड बढ़ रही है। ग्रामीण अंचलों में पारा लुढ़कने से वहां रात के समय का तापमान 7-8 डिग्री तक पहुंच जा रहा है। हालांकि जिला मुख्यालय बैढ़न व आसपास के गांव में ठण्ड से कुछ राहत हैं। लेकिन पहाड़ी तराई अंचलों में ठण्ड सबाब पर पहुंचने से लोगबाग इसके चपेट में भी आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में इन दिनों ठण्ड से पीड़ित मरीजो की संख्या में अचानक इजाफा हुआ है। वहीं सांस लेने में तकलीफ, खासी व जुखाम के भी मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। बताया जाता है कि इस ठण्ड का सबसे ज्यादा असर बच्चे एवं बुजुर्गो में है। जहां आधा सैकड़ा से अधिक मरीज इसी बीमारी से इलाजरत हैं। हालांकि ओपीडी में अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीजो की संख्या घटी है। लेकिन ठण्ड एवं सास के मरीजो की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। यह हाल जिला चिकित्सालय का है। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवसर, चितरंगी, बेरदहा, निवास, सरई, खुटार, समेत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उक्त बीमारी से ग्रसित मरीज लगातार पहुंच रहे हैं। यहां बताते चले कि ग्रामीण अंचलों के पहाड़ी क्षेत्रों में कोहरे का भी व्यापक असर है। सुबह 10 बजे के बाद ही सूर्य देवता के दर्शन होते हैं। आलम यह है कि चितरंगी तहसील क्षेत्र के सोनतीर इलाके में कोहरे का इस तरह असर है कि सुबह 8-9 बजे दिन में भी 50 मीटर दूरी तक कुछ भी दिखाई नही देता। जिसके कारण वाहन चालको को भी काफी परेशानी उठानी पड़ती है और इस इलाके में ठण्ड भी सबाब पर है। वैसे भी इस इलाके में हमेशा से ठण्ड अन्य जगहों से ज्यादा पड़ती है और कड़ाके की ठण्ड के चलते ही लोग इसके चपेट में आ रहे हैं।



### परिसर को मरीजों के परिजनों ने बनाया पिकदान



गुटखा, पान, तम्बाकू जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न परिसर में कई जगह इस तरह थूकदान बनाया है, जहां गंदगी देख कर लोगबाग कोसने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं। हालांकि ज्यादातर मरीजो के परिजन भी जगह-जगह गुटखा-पान खाकर थूकते रहते हैं। कई बार हिदायत भी दी गई, लेकिन, उनपर कोई असर नही पड़ा है।

### ऊर्जाधानी में अब चर्म रोग का भी असर

जिला चिकित्सालय में सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में रोजाना चर्म रोग, दाद, खुजली से पीड़ित मरीज चिकित्सको के यहां पहुंच रहे हैं। यहां के चिकित्सक बताते हैं कि यदि परिवार के किसी एक सदस्य चर्म रोग से पीड़ित हो गया तो, उस घर के पूरे सदस्य चपेट में आएंगे। चिकित्सक ने माना कि प्रदूषण के साथ-साथ छुआ छूत बीमारी के चलते यह बीमारी ज्यादा है। इसमें भी सावधानी बरतने की जरूरत है। चिकित्सको ने माना है कि जिला चिकित्सालय में भी चर्म रोग से पीड़ित मरीज आ रहे हैं। ज्यादातर चर्म रोग से पीड़ित मरीज बाहर से आने वाले चिकित्सको के यहां भाग दौड़ करते हैं। यदि घर में यदि किसी भी सदस्य को चर्म रोग है, तो उसे सावधानी बरतने की जरूरत है।

### इनका कहना :-

ठण्ड के चलते सांस, सर्दी व खासी से ग्रसित मरीजो की संख्या बढ़ रही है। ठण्ड से बचने का प्रयास करें, इसमें लापरवाही न बरते।

**डॉ. संतोष कुमार**
मेडीसीन चिकित्सक
जिला चिकित्सालय, बैढ़न




# बाल कल्याण समिति सीधी ने अधीक्षक से मांगी रिपोर्ट

## अमृत सेवा संस्थान समिति नवजीवन बिहार का मामला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 22 नवम्बर। नवजीवन बिहार में अमृत सेवा संस्थान के द्वारा संचालित गायत्री बालिका गृह केन्द्र का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बाल कल्याण समिति सीधी ने दो बालिकाओं के संबंध में 4 बिन्दुओं की जानकारी मांगी है।**

दरअसल यहां बताते चले कि गायत्री बालिका गृह केन्द्र नवजीवन बिहार की बालिकाओं ने संचालिका एवं उसकी बेटी पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुये प्रधान न्यायाधीध एवं विशेष न्यायाधीश पास्को से शिकायत की थी। जिसकी हाई लेवल जांच चल रही है। कलेक्टर जांच रिपोर्ट के इंतजार में हैं। इधर इस संबंध में बाल कल्याण समिति न्यायपीठ सीधी के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने अधीक्षक अमृत सेवा संस्थान समिति सिंगरौली से दो बालिकाओं के संबंध में रिपोर्ट मांगी है, जिसमें बालिकाओं का एसआईआर रिपोर्ट, बालिका का आईसीपी, ऑपरेटर केयर प्लान एवं काउंसलिंग रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रतुस्त करने के लिए निर्देशि किया है। यहां ज्ञात हो कि सीधी जिले की दो बालिकाएं गायत्री बालिका गृह में हैं।

# कृषि उपज मण्डी की पेयजल टंकी जर्जर, अर्से से टपक रहा पानी


## जिला मुख्यालय बैढ़न के कृषि उपज मण्डी का हाल, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 22 नवम्बर। जिला मुख्यालय बैढ़न के कृषि उपज मण्डी में स्थापित पेयजल टंकी अर्से से टपक रही है। जहां आसपास बराबर पानी भरा रहता है। यह समस्या काफी दिनों से है। लेकिन नगर निगम सुधार नही करा रहा है।**

दरअसल कृषि उपज मण्डी बैढ़न के परिसर में वर्ष 2013-14 में लाखों रूपये की लागत से पेयजल टंकी का निर्माण कार्य कृषि उपज मण्डी के बोर्ड निधि से निर्माण कार्य कराया गया। जहां उक्त पेयजल टंकी को कृषि उपज मण्डी ने नगर पालिक निगम सिंगरौली को सौप दिया और जैसे नगर निगम ने टंकी को अपने अधीन लिया। टंकी में पानी भरना शुरू किया, तभी से टंकी टपकने लगी।

सूत्र बताते हैं कि कृषि उपज मण्डी बोर्ड के द्वारा गुणवत्ता विहीन कार्य कराया गया था। जिसके कारण टंकी टपक रही है। चर्चा यहां तक है कि जिस समय टंकी का निर्माण कार्य हो रहा था गुणवत्ता विहीन कार्य को लेकर कुछ व्यापारियों ने आपत्ति भी किया था, परंतु निर्माण एजेंसी ने उक्त शिकायतो को नजर अंदाज कर दिया था। जिसके कारण पेयजल टंकी लिकेज होनी लगी।



आलम यह है कि टंकी का पानी लगातार टपकता रहता है। 24 घंटे में कम से कम 2-4 सौ लीटर पानी गिरना आम बात हो गई है। इधर बताया जाता है कि टंकी का रखरखाव एवं जलापूर्ति की सप्लाई नगर निगम सिंगरौली के द्वारा किया जा रहा है, लेकिन टंकी का मरम्मत कार्य कराना भी नगर निगम भूल गया है.

जिससे सैकड़ों लीटर पानी रोजाना बर्बाद हो रहा है। टंकी का मरम्मत कार्य क्यों नही कराया जा रहा है, यह बात भी समझ से परे है। लेकिन इतना जरूर कहा जा रहा है कि जिस तरह से टंकी से पानी टपक रहा है, ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा भी हो सकता है।

कृषि उपज मण्डी के कई व्यापारियों ने इस ओर कलेक्टर एवं निगमायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# एनटीपीसी सिंगरौली में वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित

नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 22 नवम्बर। एनटीपीसी सिंगरौली के सी एंड एम विभाग द्वारा एनटीपीसी एमएसएमई सेल के सहयोग से संविदाकार विकास कार्यक्रम वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम वीपीडी का सफलतापूर्वक आयोजन आज दिन शनिवार नवंबर को प्रशासनिक भवन स्थित लाइब्रेरी हॉल , एनटीपीसी सिंगरौली में किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप नायक कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख ने अपने प्रेरणादायी उद्घाटन संबोधन से कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। कार्यक्रम का उद्देश्य एनटीपीसी और एससी-एसटी क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों के बीच सहयोग, पारदर्शिता और समझ को और अधिक मजबूत बनाना रहा। मुख्य अतिथि संदीप नायक ने अपने संबोधन में कहा कि एनटीपीसी सदैव पारदर्शी और सक्षम आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध रहा है। हमारा लक्ष्य है कि अधिक से अधिक स्थानीय और एमएसएमई विक्रेता हमारे विकास में सहभागी बनें और उनकी क्षमताओं को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाया जाए।





एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई

माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली
आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
द्वारा निष्पादित

ASPIRE

ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री

एस्पायर सिलिकॉन सिटी
फ़ेज-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
- मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो है तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन-25 मिनट







एस्पायर लेज़र पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
- मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई

एस्पायर लेज़र वैली
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट) उत्तर प्रदेश
- मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन-35 मिनट







एस्पायर सेंचुरियन पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
- मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि-
•सब पैकेज़ 6 & 8 : 24.11.2025
•सब पैकेज़ 2, 3, 4, 5 & 7 : 27.11.2025
ई.एम.डी.राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक

7 पैकेज़ जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है

ई-नीलामी की तिथि
•सब पैकेज़ 6 & 8 : 25.11.2025
•सब पैकेज़ 2, 3, 4, 5 & 7 : 28.11.2025

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यूआर स्कैन करें:

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें : www.nbccindia.in I www.receiveramrapali.in
9772907414